तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

राहौद स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



3

## खबर संक्षेप

### राहौद में रावत नाचा महोत्सव कैबिनेट मंत्री होंगे शामिल



**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के तत्वाधान में भव्य एवं ऐतिहासिक राऊत नाचा महोत्सव 6 दिसंबर को शनिचरी बाजार परिसर में आयोजित होगी। राऊत नाचा महोत्सव में मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शिरकत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि कमलेश जांगड़े लोकसभा सांसद जांजगीर-चांपा , अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा होंगे। महोत्सव की अध्यक्षता नगर पंचायत राहौद की अध्यक्ष प्रतिभा दीपक कश्यप करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि शेषराज हरवंश पामगढ़ विधायक , सत्यलता मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष जांजगीर-चांपा, रंजना मानेस जांगड़े जनपद अध्यक्ष पामगढ़ , गोविंद यादव नपं अध्यक्ष खरौद , राहुल थवाईत नपं अध्यक्ष शिवरीनारायण राहुल, धनंजय सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, यशवंत साहू मंडल अध्यक्ष पामगढ़ एवं पार्षदगण मंचासीन रहेंगे। राऊत नाचा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 17 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 15 हजार रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 10 हजार रूपये, एवं पंचम पुरस्कार 7 हजार रूपये प्रदान किया जाएगा। वहीं महोत्सव में शामिल सभी नृतक दल को नपं राहौद के पार्षदों द्वारा 2100 की राशि प्रदान किया जाएगा।

### समग्र शिक्षा को खंड शिक्षा कार्यालय से चलाने निर्देश

**नवागढ़।** विकास खंड कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खंड के निजी स्कूल संचालको का बैठक आयोजित किया गया, जहां नवागढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी से खंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा के अधिकारी की कार्यप्रणाली एवं मनमाने तरीके से कार्यालय संचालन से हो रही असुविधाओं से अवगत कराया गया। जिस जिला शिक्षा अधिकारी ने समन्वयक को विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ही नियमित रुप से संचालित करने के निर्देश दिये। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने खंड समन्वयक को लिखित में पत्र जारी किया गया है। उसके बाद भी यदि नियमित रूप से कार्यालय संचालित नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** बीस लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ कटौद निवासी रामूगोड को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश शेन्डे थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का सराहनिय योगदान रहा।

भड़ेसर खरीदी केन्द्र में हुई घटना, पामगढ़ पुलिस ने की कायमी

# धान में नमी, आपस में भिड़े किसान और ऑपरेटर, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सीसीटीवी में कैद मारपीट का वीडियो।

धान उपार्जन भड़ेसर में उस वक्त अजीब स्थिति निर्मित हो गई, जब धान बेचने पहुंचे किसान और कम्प्यूटर ऑपरेटर के बीच अचानक मारपीट हो गई। दरअसल विवाद धान में नमी को लेकर शुरू हुआ था और इतना बढ़ गया कि वे हाथापाई पर उतर आए और पूरा मामला थाने तक जा पहुंचा। पुलिस ने अपराध भी कायम कर लिया है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति भडेसर में चल रही धान खरीदी के दौरान शुक्रवार 5 दिसंबर को किसान मोहरसाय यादव और धरम यादव अपने टोकन के हिसाब से धान बेचने पहुंचे थे। बताया जाता है कि सुबह करीब 8:45 बजे ही मोहरसाय और धरम केन्द्र में 198 बोरी धान लेकर तौल कराने पहुंचे, तब केन्द्र प्रभारी नरेन्द्र राठौर के पहुंचने के पहले ही कम्प्यूटर आपरेटर हेमंत राठौर और उसके सहयोगी किसानों के धान की नमी जांच कर रहे थे। इसके साथ ही किसानों के फोटो लेकर खरीदी की कार्रवाई प्रारंभ करने में लगे थे। बताया जाता है कि इस दौरान जब मोहरसाय और धरम के धान की बारी आई तो ऑपरेटर ने नमी मापक यंत्र से मिली रिपोर्ट को दिखाकर धान खरीदने से मना किया। उसका कहना था कि 17 प्रतिशत तक नमी वाले धान की खरीदी होती है, लेकिन धरम के धान में 22 से 25 प्रतिशत तक की नमी आ रही है, जिससे समिति के नियमानुसार नहीं खरीदा जा सकता। ऐसे में उनका टोकन संशोधित कर दिया जाएगा, परंतु किसान धरम और मोहरसाय ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर की और उनका कहना था कि उनके धान में पक्षपात किया जा रहा है। बस इसी बात को लेकर उनके बीच बातचीत शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और गाली गलौज के साथ मारपीट की नौबत आ गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव करके मामले को शांत कराया। घटना के बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमंत राठौर ने पामगढ़ थाने में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने आरोपी मोहरसाय और धरम के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है। बडे पैमाने पर किसान धान की बिक्री करते है। इस दौरान धान की खरीदी एवं बिक्री के दौरान कई उपार्जन केन्द्रों से प्रभारी, कम्प्यूटर आपरेटर और किसानों के बीच विवाद का मामला सामने आते रहते है। वहीं आवक टोकन समय पर नहीं कट पाने के चलते भी कई किसानों की खरीदी केन्द्र प्रभारी से नोंकझोक तक की नौबत आ जाती है।

**की गई है शिकायत**

धान की बिक्री करने किसान पहुंचे थे। इस बीच गांव के दो किसानों द्वारा धान की नमी मामले को लेकर उनसे मारपीट की गई है। मामले की शिकायत की गई है।

-हेमंत राठौर,
कम्प्यूटर आपरेटर
धान खरीदी केन्द्र भडेसर

**दर्ज किया गया मामला**

धान खरीदी केन्द्र भडेसर में धान की नमी को लेकर किसानों द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर से मारपीट की गई है। कम्प्यूटर ऑपरेटर की रिपोर्ट पर किसानों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

-मनोहर सिन्हा,
थाना प्रभारी, पामगढ़

# बकाएदारों पर विद्युत मंडल ने की सख्ती, काटे 173 कनेक्शन

## सक्ती सर्किल में बिजली बिल नहीं पटाने वालों पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बकायादारों के घर कार्रवाई करने पहुंचा विद्युत विभाग का अमला।

बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बरतते हुए विद्युत मंडल ने सक्ती वृत्त में बड़ी कार्रवाई करते हुए 173 बकायादारों के कनेक्शन काट दिए है। इस कार्रवाई के बाद बकायादार उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 4 दिसम्बर को विद्युत विभाग संभाग के अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी के मार्गदर्शन में सक्ती संभाग अंतर्गत सक्ती शहर, सक्ती ग्रामीण,डभरा ,जैजैपुर एवं बाराद्वार क्षेत्र में सर्किल स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे चाम्पा एवं अकलतरा संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं के साथ कुल 22 टीम का गठन किया गया । कुल 374 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 100.61 लाख की दी गई । कुल 170 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 52.25 लाख है । कुल 173 उपभोक्ताओं से 32.78 लाख की वसूली की गई। सघन विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए बकाया विद्युत बिल का भुगतान तुरंत करने की बात कही है।

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले 173 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए है। साथ ही उनसे 33 लाख की वसूली भी की गई है।

# निर्धारित मानकों की अनदेखी, दो लैब को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नर्सिंग होम एक्ट टीम ने जैजैपुर क्षेत्र के 4 पैथालिकल संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 2 संस्थानों में निर्धारित मानको की अनदेखी मामले में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में ओआईसी हेल्थ प्रीतेश सिंह राजपुत और जिला नर्सिंग होम एक्ट टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पैथोलॉजी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जैजैपुर विकासखण्ड के चार पैथालॉजी संस्थानो, मा गायत्री पैथोलॉजी, आरोग्य पैथोलॉजी, महामाया पैथोलॉजी, लाईफ केयर पैथोलॉजी तथा एम जे डे क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा विभिन्न तकनीकी मानको उपकरणों की उपलब्धता, गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया, कर्मचारी योग्यता, टेस्ट रिपोर्टिंग की प्रमाणिकता, रिकॉर्ड संधारण पद्धति तथा बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान की व्यवस्था का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि दो पैथालॉजी क्लीनिक मां गायत्री पैथालॉजी और आरोग्य पैथालॉजी में निर्धारित मानको का पूर्णतः पालन नहीं किया जा रहा था। इस मामले में मां गायत्री एवं आरोग्य पैथालॉजी लैब को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# विशेष अभियान के तहत 12 वाहनों पर की गई कार्रवाई



थाना के सामने खड़े वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा क्षेत्र में वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 12 प्रकरण बनाए गए है। साथ ही वाहन चालकों को वैध दस्तावेज के साथ वाहन चालन की हिदायत दी गई है।

ज्ञात हो कि न्यायिक मजिस्ट्रेट मालखरौदा के निर्देश के बाद पुलिस चौकी अडभार के एएसआई के के राठौर द्वारा 4 दिसंबर से वाहनों का विशेष जांच अभियान चलाया गया है। जिसके तहत मार्ग से गुजरने वाले दो पहिया, चार पहिया, हैवी वाहन चालकों से गाड़ी की आरसी, बीमा पेपर, फिटनेस, परमिट ,प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस का पूछताछ की जा रही है। मौके पर कागजात पेश नहीं करने पर 13 दिसंबर को होने वाले लोक अदालत में सभी को उपस्थित होने के लिए कहते हुए प्रकरण बनाया जा रहा है। 5 दिसंबर की दोपहर 12 प्रकरण बनाया गया था। इसके चलते वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इन दिनों चाहे दोपहिया वाहन चालक हो या चार पहिया वाहन चालक अभी तक इनके द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने में कोताहि बरत रहे हैं तो निजी ओमनी वाहनो से बड़े पैमाने पर क्षेत्र के स्कूलों में छोटे बच्चों को ठूस ठूस कर लाना ले जाना कर रहे हैं। वही कभी भी बड़ी दुर्घटना होने पर इसका खामियाजा स्कूल में पढ़ने वाले परिवारों को भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा नंबर प्लेट नहीं बदलने से दुर्घटनाकारित वाहन आसानी से भाग जाते है।

### 2 दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 11 और 12 को

**सक्ती।** राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी राज्य शासन द्वारा युवा उत्सव का अयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन 11 से 12 दिसम्बर तक जिला मुख्यालय सक्ती के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती में प्रातः 08 बजे से किया जावेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष एवं संगतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। एक प्रतिभागी को किसी भी स्तर के एक ही विधा में भाग लेने की पात्रता होगी। युवा उत्सव की विधाएं और संख्यात्मक जानकारी निम्नानुसार है- लोकनृत्य संख्या-10, पंथीनृत्य संख्या-10, सुआनृत्य संख्या-10, लोकगीत संख्या-10, कहानी लेखन संख्या-1, वाद-विवाद संख्या-02, नवाचार संख्या-02, राउत नाचा संख्या-10, करमानृत्य संख्या-10, पारंपारिक वेशभूषा संख्या-02, एकांकी नाटक संख्या-12, रॉकबैण्ड संख्या-10, चित्रकला संख्या-01, कविता लेखन संख्या 1 हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रभिागियों को आयोजन पूर्व पंजीयन करवाना अनिवार्य है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

मार्ग में संकेतक बोर्ड लगाने दिए दिशा निर्देश

# दुर्घटनाजन्य स्थलों का ट्रैफिक एआईजी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दुर्घटनाजन्य स्थलों का निरीक्षण करते एआईजी ट्रेफिक।

हाइवे रोड के सुकली चौक में हुए सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत मामले को लेकर ट्रैफिक के एएआईजी ने दुर्घटनाजन्य स्थलों का निरीक्षण किया। इस बीच दुर्घटनाजन्य स्थलों पर संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि 25 नवंबर की रात्रि में ट्रक से भीषण दुर्घटना हुआ था, जिसमे स्कॉर्पियो वहान में सवार 5 लोगो की मृत्यु हुई थी। इस मामले को लेकर 5 दिसंबर को अंतर्विभागीय लीड एजेंसी संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, एसडीएम सुब्रत प्रधान, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू, पीडब्लयूडी के एसडीओ दलगंजन साय, एनएच सब इंजीनियर विजय साहू, थाना प्रभारी जांजगीर मणिकांत पाण्डेय, निरीक्षक लालन पटेल यातायात एवं यातायात के स्टाफ उपस्थित थे। लीड एजेंसी संजय शर्मा द्वारा घटना स्थल निरीक्षण के दौरान इंजीनियरिंग में सुधार के कुछ विशेष उपाय बताए गए। इसके अतिरिक्त दुर्घटना क्षेत्र के आसपास के झाड़ियां का साफ सफाई कराने, मुख्य मार्ग से अन्य मार्ग में जाने से रास्तों पर सांकेतिक बोर्ड लगाने बताया गया। एम्बुलेंस का रिस्पांस समय के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई। जिले के अन्य दुर्घटना जन्य क्षेत्र खोखरा चौक, मुनुंद चौक, पुटपुरा तिराहा का निरीक्षण किया गया । जिसमें पुखराज पुटपुरा तिराहा का भी निरीक्षण किया जाकर भविष्य में दुर्घटना से बचने हेतु आवश्यक उपाय सुझाव दिया गया।

## खबर संक्षेप

### राहौद स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



**राहौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में गुरुवार को स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, संस्था प्राचार्य पी एल कौशिक ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और यदि मस्तिष्क स्वस्थ है तो अच्छी शिक्षा मिलेगा, स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी दिनेश कुमार दिनकर ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के संबंध में, रहन सहन, खान-पान के अच्छे व्यवहार की जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने छात्र -छात्राओं को बताया जैसे एक मनुष्य को औसतन 2-2.5 लीटर पानी पीना चाहिए, प्रतिदिन नमक 5 ग्राम से ज्यादा नही लेना चाहिए,तेल की संतुलित मात्रा हो, योगासन या व्यायाम नियमित रूप से होना चाहिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एस के कश्यप व्याख्याता ने किया।

### शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर करेंगे काम

**चांपा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर बिलासपुर से अल्प प्रवास के दौरान जांजगीर-चांपा इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारीगणों ने प्रांत से पधारे प्रदेशाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ एवं फूला माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर स्वयं प्रबल एवं दृढ़ इच्छा व्यक्त करते हुए जांजगीर-चांपा जिले में प्रांतीय मंत्री के निज निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी एवं जिला सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी से सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्यपाल द्वारा अलंकृत, शिक्षक एवं संगठन के वरिष्ठ साथी पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रदेशाध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि नव निर्वाचित टीम के नेतृत्व में जांजगीर-चांपा जिले में संगठन और भी अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी रूप से कार्य करेगा। उन्होंने संगठन की एकजुटता तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करने की बात कही। उक्ताशय की जानकारी प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन ने दी हैं।

### शासकीय डीडीएस स्कूल में प्राचार्य पद पर राकेश ने संभाला पदभार



**बिर्रा।** शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में प्राचार्य पद पर व्याख्याता राकेश कुमार साहू को अपना पदभार ग्रहण किया। प्राचार्य पद पर दायित्व संभालने पर सभी ने उनका स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में प्राचार्य राकेश कुमार साहू ने अपना पदभार ग्रहण किया। शिक्षा विभाग ने जारी आदेश में प्राचार्य पद पर प्रमोट किया गया है जिसमें शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के व्याख्याता राकेश कुमार साहू को अपने ही मूल शाला में प्राचार्य बनाया गया है। प्राचार्य राकेश कुमार साहू ने अपना पदभार अपने स्टाफ के समक्ष उपस्थित होकर संभाला। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य तोषण प्रसाद तिवारी, तत्कालीन प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे, व्याख्याता देवनारायण चौहान, सुशील नेताम, व्याख्याता श्रीमती लक्ष्मी खुंटे, श्रीमती संगीता कश्यप, सरस्वती कुंभकार क्रीड़ा प्रभारी मुकुंद कृष्ण पांडेय, लिपिक सतीश मैत्री राजेश भैना के अलावा स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### कौशिल्याबाई श्रीवास



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत बुंदेला की प्रतिष्ठित महिला कौशिल्या बाई श्रीवास की 85 वर्ष की आयु में 1 दिसबंर को निधन हो गया। वे अपने पीछे सात पुत्री सविता श्रीवास, दुर्गा श्रीवास, सुभद्रा श्रीवास, शशि श्रीवास, सुमित्रा श्रीवास, कलावती श्रीवास, अनसुईयां श्रीवास एवं एक पुत्र रमाकांत श्रीवास सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। उनकी अन्तिम यात्रा में स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या शामिल हुए।

### शम्भू कश्यप



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली के प्रतिष्ठित नागरिक धरम लाल कश्यप के ज्येष्ठ पुत्र शम्भू कश्यप का शुक्रवार 5 दिसंबर को 50 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा अंचल के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अधिवक्ता संघ ने शासन-प्रशासन से की शीघ्र व्यवस्था बनाने की मांग

# तहसील कार्यालय में स्टाफ की कमी अधिवक्ता एवं पक्षकार हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा-शिवरीनारायण




तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में सेटअप के अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदस्थ नहीं होने से समय पर कामकाज नहीं हो रहा है। प्रकरण में बेवजह पेशी बढ़ाई जा रही है। इसके चलते पक्षकारों के साथ अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिवरीनारायण को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलने के छः साल बाद भी तहसील कार्यालय में मिलने वाली सुविधाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। विगत एक माह से तहसीलदार न्यायालय में एक भी लिपिक (रीडर) नहीं है, जिसके कारण अधिवक्ताओं सहित पक्षकारों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लिपिकीय कार्य संपादित नहीं होने के कारण ऑफलाइन प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, शोध क्षमता प्रमाण पत्र,नोटिस इश्तहार जारी होने में काफी विलंब हो रहा है। प्रकरण में बेवजह पेशी बढ़ रहा है। नायब तहसीलदार न्यायालय में एक बाबू है, बाबू की कमी होने के कारण कोटवार के लड़के से काम लिया जा रहा है। कार्यालय में तकनीकी कार्य संभालने वाले ऑपरेटर नहीं होने से धान खरीदी एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य किया गया है, जिसके कारण पंजीयन,संशोधन की उम्मीद में दूर दूर से आए किसान परेशान हो रहे हैं। यहां तक कि स्टॉफ की कमी के चलते निर्वाचन में लगे शिक्षक से भी काम लिया जा रहा है। शिवरीनारायण तहसील कार्यालय सीमित संसाधनों के आधार पर संचालित हो रहा है न तो तहसील कार्यालय में पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हैं और न ही अधिकारी, केवल कुछ स्टॉफ के भरोसे ही जैसे तैसे काम निपटाए जा रहे हैं। तहसील शिवरीनारायण में 16 पटवारी हल्के के अंतर्गत 33 गांव आते हैं, यहां गत तीन वर्षो से 02 राजस्व निरीक्षक मंडल में 01 ही राजस्व निरीक्षक पदस्थ हैं। छः साल बीत जाने के बावजूद भी आज पर्यन्त तक रजिस्टी कार्यालय नहीं खुल पाया है, जिससे किसानों को जमीन की खरीदी, बिक्री के लिए नवागढ़ जाना पड़ता है। शिवरीनारायण तहसील कार्यालय में 1 तहसीलदार, 1 नायब तहसीलदार, 2 बाबू, 1 प्रोसेस सर्वर, 2 चपरासी वर्तमान में पदस्थ हैं। तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र तिवारी का कहना है कि छः साल बीत जाने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं की कमी एवं सेटअप के अनुसार अधिकारियों की एवं कर्मचारियों की कमी है। इस संबंध में तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण द्वारा शासन, प्रशासन को लिखित आवेदन भी दिया जा चुका है। शासन, प्रशासन को इस ओर शीघ्र ध्यान देने की जरुरत है।

# धान खरीदी केंद्र पर किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

■ कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

धान खरीदी कार्य हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में शुक्रवार 5 दिसंबर को जिला सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में धान उपार्जन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपार्जन केंद्रों में किसानों से सुव्यवस्थित और निष्पक्ष रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से धान खरीदी की जाए। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों की फसल खरीदी को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी करने कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोचियों और बिचौलियों का धान स्वीकार न किया जाए तथा धान की स्टैकिंग व्यवस्थित ढंग से की जाए।। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी धान खरीदी केंद्र पर किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सतर्क एप की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, के.एस. पैकरा, जिला खाद्य अधिकारी, सहकारिता अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल में नवमीं के छात्राओं को वितरित की गई साइकिल



**बाराद्वार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस नया बराद्वार में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वी की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर में एसएमडीसी अध्यक्ष अमित कलानोरिया ,रमेश सिंघानिया,नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पुनीत वर्मा, वार्ड नंबर-2 के पार्षद प्रीति अनिल यादव,वार्ड नंबर 10 पार्षद अजय सिंह राजपूत एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यकम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा ऐसी योजना चलाई जा रही है, जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंघानिया ने छात्राओं को पढ़ाई पर ध्यान देने और देश के विकास में योगदान देने की बात कही।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली प्लास्टिक मुक्त जागरूकता रैली

**शिवरीनारायण।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शिवरीनारायण के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार 5 दिसंबर को प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत नगर में प्रभावी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में आकर्षक तख्तियां और बैनर लेकर "प्लास्टिक हटाओ—पर्यावरण बचाओ", "स्वच्छ नगर—सुंदर नगर", "सिंगल-यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें" जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने नागरिकों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान, पर्यावरण प्रदूषण, जल स्त्रोतों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव और वन्यजीवों के लिए बढ़ते खतरे के प्रति सचेत किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां बच्चों ने नारे लगाकर लोगों को प्लास्टिक कम करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रीयुत बुद्धेश्वर केशरवानी, शिक्षा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद डॉ. धर्मेन्द्र राम, शिवरीनारायण मंडल महामंत्री विष्णु हरि गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य बसंत देवांगन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के लिए इस प्रकार की जागरूकता आवश्यक है रैली के माध्यम से बच्चों ने नगरवासियों से प्लास्टिक के कम उपयोग, पुनः उपयोग योग्य विकल्प अपनाने, तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने की अपील की।




# बच्चे दुर्व्यसन एवं मोबाइल की लत से रहें दूर : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




शिविरार्थियों को जानकारी देते अतिथि।

■ रासेयो के विशेष शिविर में शिविरार्थियों को दी गई यातायात नियम व सायबर ठगी से बचाव की जानकारी

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनडभरा में शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा का राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

विशेष शिविर में बिर्रा थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के पंचम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे टी. आई. जे. के. साहू ने विधिवत महापुरुषों के चित्रों पर धूप अगरबत्ती प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवक से कहा कि दुर्व्यसन एवं मोबाइल की लत से हमेशा दूर रहे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि यह विद्यार्थी जीवन आप लोगों को बहुत कुछ सिखाता है। बिना लायसेंस के गाड़ी नहीं चलाना चाहिए एवं तीन सवारी या तेज रफ़्तार से भी गाड़ी नहीं चलाना चाहिए। इससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार उन्होंने ऑनलाइन होने वाले सायबर ठगी एवं मोबाइल की लत के बारे में भी जानकारी दिया। शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा से पहुंची हिंदी साहित्य की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर सरोजिनी कोशले ने कहा कि यहां से जो अनुशासन आप सीखकर अपने गांव या घर जायेंगे तब भी इस दिनचर्या का पालन अच्छी तरह करना होगा तभी आप सब अपने जीवन में एक अच्छा नागरिक बन पाएंगे। महाविद्यालय से आए अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमारे शरीर के रोम रोम में प्रवाहित होना चाहिए और इसी तरह समाज में उसका फल मिलना चाहिए। शिविर को ग्राम पंचायत बनडभरा के सरपंच मनोज कुमार भारद्वाज ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोतीचन्द्र अनंत एवं आभार राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी कुमारी हितेश्वरी वर्मा ने किया। इस अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के अलावा स्कूली बच्चे और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष के प्रयास से नवागढ़ में शीघ्र खुलेगा उप डाकघर

**नवागढ़।** विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के संयुक्त सतत प्रयास से शीघ्र उप डाकघर खुलेगा। उक्ताशय की जानकारी संचार मंत्रालय से दोनों नेताओं को प्राप्त हुआ है। ज्ञात हो कि नवागढ़ क्षेत्र की जनता की मांग पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने संयुक्त रूप से केन्द्रीय संचार मंत्री एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर इस अंचल के जनभावनाओं से अवगत कराया था उस समय विभाग द्वारा शीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया गया था, अब इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कांता मनमोहन कश्यप, उपाध्यक्ष घासीराम कश्यप, नवागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, मंडल महामंत्री द्वय गोपी यादव, श्रीमती अंजली कश्यप, पार्षद झामलाल कश्यप, गौरीशंकर साहू, जीतराम साहू, श्रीमती मालती जलतारे, श्रीमती प्यारी बाई साहू सहित क्षेत्र एवं अंचल के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उप डाकघर की स्वीकृति प्रदान करने हेतु भारत सरकार के संचार मंत्रालय के प्रति अभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# विकसित भारत का सपना नवाचार से संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते अतिथि।

आइडिया इनोवेटिव प्रोग्राम नवाचार की नई उड़ान कार्यक्रम का आयोजन श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं यूथ फॉर चेंज के संयुक्त तत्वाधान में बने स्थित महाविद्यालय के सभा कक्ष में शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मनोज भारती के मुख्य आतिथ्य एवं जे एस डब्ल्यू सी एस आर डिपार्टमेंट सचिन दुबे, मुकेश चांदू, डॉ जे के जैन ,प्राचार्या डॉ शिखा सिंह रामेश्वर प्रसाद कुर्रे के उपस्थिति में किया गया।

मुख्य अतिथि ने नवाचार को भारत के विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना नवाचार से ही संभव है। आज की दुनिया में वही आगे बढ़ता है जिसकी सोच अलग होती है। आईडिया इनोवेट प्रोग्राम युवाओं को प्रयोग, शोध और क्रिएटिव समाधान विकसित करने का मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्टार्टअप थिंकिंग, डिजाइन थिंकिंग, प्रोबलम सॉल्विंग, प्रोटोटाइप डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही उनकी आइडियाज़ का मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।आयोजकों के द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट्स को पुरस्कार, प्रमाणपत्र और आगे इन्क्यूबेशन सपोर्ट भी प्रदान किया जाएगा ताकि चुने गए विचार वास्तविकता का रूप ले सकें। प्रतिभागियों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। छात्रों ने कहा कि यह मंच न केवल उन्हें अपने विचारों को दुनिया के सामने रखने का अवसर देता है बल्कि भविष्य में उद्यमिता और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करते है। अंकित जैन सचिव, नवीन कुमार आदित्य, अरविंद मिरी, डॉ. प्रतिमा रानी द्ववेदी, डॉ राकेश सोनी, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान, दुर्गा टण्डन, श्रीमती श्वेता सिंह चंदेल, श्रीमती संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य एवं छात्र-छात्रा में बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्राचीन सबरी मंदिर में भजन-कीर्तन किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



भजन-कीर्तन में उपसथित महिलाएं।

छत्तीसगढ़ की काशी एवं माता शबरी की पुण्य धरा खरौद में प्रत्येक पूर्णिमा की तरह अगहन पूर्णिमा 5 दिसंबर को खरौद के महिला भजन मंडली द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण भाव से संगीत के साथ भजन कीर्तन किया गया।

भजन के बीच में अध्यात्मपरिषद के सक्रिय एवं वरिष्ठ सदस्य धन साय यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि वैसे तो प्रत्येक पूर्णिमा का अपना महत्व है किंतु अगहन पूर्णिमा का विशेष महत्व है। भगवान कृष्ण ने भी अगहन का महत्व बताया है। इसमें माता लक्ष्मी एवं भगवान कृष्ण की भी पूजा होती है, इससे घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है। पूर्णिमा में भजन कीर्तन करने का कई गुना फल प्राप्त होता है। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी कीर्तन मंडली के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा कि हमारे द्वारा किए गए अच्छे या बुरे कर्मों का फल अवश्य ही मिलता है। कोई व्यक्ति स्वस्थ सुखी और संपन्न रहता है तो कोई दुखी गरीब एवं निरोगी भी रहता है इन सब का कारण अपने पूर्व में किए गए कर्म ही है। उन्होंने बताया कलयुग के पापों को काटने का एकमात्र उपाय भजन ही है इसमें त्रुटि होने की कोई संभावना नहीं रहती है। कार्यक्रम में नीलम यादव पार्षद कमला देवी यादव, फागुनी आदित्य, गंगाबाई साहू, छठ बाईआदित्य, दुलोरिन आदित्य, रमाबाई आदित्य, जानकी देवी यादव, मंटोरा आदित्य, रूपबाई आदित्य, ललिता थवाईत, चमेली यादव, गौरी यादव, कावेरी यादव, भगवती साहू, मदालसा यादव, संतोषी यादव, ताराबाई यादव, रामेश्वरी श्रीवास, फागनी नोनिया उपस्थित थी।

21 दिवसीय प्रवचन के छठवें दिन शरणागति के रहस्यों पर हुआ विमर्श

# निर्मल मन भगवान को होता है प्रिय : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



उपस्थित श्रद्धालुओं को दार्शनिक प्रवचन सुनाते युगल शरण।

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के छठवें दिन शुक्रवार 5 दिसंबर को डॉ. स्वामी युगल शरण ने 'शरणागति' के विविध आयामों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान अकारण करुण हैं, किंतु उनकी कृपा का प्राकट्य तभी होता है जब जीव पूर्ण शरणागति करता है।

अनादिकाल से मनुष्य संसार की शरण में जाता रहा, किंतु वास्तविक शरणदाता भगवान की शरणागति से दूर रहा। इसी कारण कृपा का अनुभव नहीं हुआ। युगल शरण ने कहा कि शरणागति का तात्पर्य शरीर नहीं, बल्कि मन से समर्पण है। श्वेताश्वतर उपनिषद को उद्धृत करते हुए उन्होंने बताया कि जिस परमेश्वर की कृपा से आत्मा व बुद्धि प्रकाशित होती हैं, उसी की शरण में पूर्ण समर्पण ही वास्तविक शरणागति है। उन्होंने बाइबिल और गीता दोनों के संदर्भों से समझाया कि दीन होकर अपने आपको ईश्वर को अर्पित करने पर ही ईश्वर जीव को सदा के लिए अपना लेते हैं। शरणागति में बाधक तीन कपूयाचरण जिम्ह भाव, अनृत भाव और माया भाव तथा चार तुष्टि भगवत तुष्टि, शरणवरण तुष्टि, काल तुष्टि और भाग्य तुष्टि को भी विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि निर्मल मन ही भगवान को प्रिय होता है, कपट और दिखावा शरणागति को बाधित करते हैं।स्वामी जी ने बताया कि भाग्य वही है जो पिछले जन्म के पुरुषार्थ से निर्मित होता है, किंतु क्रियमाण कर्म 97 प्रतिशत जीव के हाथ में रहता है, इसलिए वर्तमान कर्म ही भविष्य निर्धारित करते हैं। चार प्रकार के लोग मूढ़, नराधम, माया परितज्ञान और आसुर भाव वाले शरणागति नहीं करते। इनमें नराधम वे हैं जो जान-बूझकर लापरवाही करते हैं और भगवान की ओर नहीं बढ़ते। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति का मार्ग शरणागति से होकर ही गुजरता है शरणागति से कृपा, कृपा से ज्ञान, ज्ञान से विश्वास, विश्वास से प्रेम और प्रेम से भगवत्प्राप्ति होती है। अंत में उन्होंने कहा कि शरणागति पूर्ण, शत-प्रतिशत होनी चाहिए। जब जीव सांसारिक बल, सहारे और विकल्प छोड़कर दीन होकर पुकारता है, तब वही अवस्था वास्तविक शरणागति है और वहीं से कृपा का द्वार खुलता है।




Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
A PREMIUM ESCAPE
IN THE
HEART OF THE FOREST
10 ACRES OF PURE NATURE, LUXURY & PEACE
• SPACIOUS SUITE ROOM
• ELEGANT DELUXE ROOMS
• TREE HOUSES
• RESTAURANT & OUTDOOR DINING SPACES
• EVENT LAWN & GATHERING AREA
• INFINITY SWIMMING POOL
• KITTY PARTY HALL
• ADVENTURE PLAY AREA
• INDOOR PLAY AREA
• BONFIRE AREAS
• FREE WI-FI & ROOM SERVICE
• AMPLE PARKING SPACE
OPEN NOW
ACHANAKMAAR
Contact Us
+91 96942-65000
+91 96491-65000
Visit Us
VILLAGE SHIVTARAI, KOTA, BILASPUR (CG)